हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 3 अक्टूबर, 2025


तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 20.3 डिग्री


12 रिमोट से दहन हुआ 80 फुट ऊंचा रावण का पुतला





12 ग्रामीण एरिया की महिलाओं को सिलाई मशीनें बांटी




## खबर संक्षेप

### जीटी रोड पार करते समय महिला की मौत

**पानीपत।** पानीपत के गांव सिवाह में रोडवेज बस स्टैंड के पास जीटी रोड पार करते समय महिला को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल हुई महिला को आसपास के लोगों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इधर, हुडा सेक्टर 29 थाना के एसएचओ अनिल कुमार ने इस घटना की पुष्टी करते हुए बताया कि मृत महिला की उम्र करीब 28 वर्ष है और पुलिस ने इस केस की जांच शुरू कर दी है।

### देसी पिस्तौल व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने विनीत उर्फ कोको पुत्र संजीव गांव झट्टीपुर को अवैध देसी पिस्तौल व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि विनीत को उसकी के गांव के अड्डे से पकडा गया है। वहीं विनीत ने पुलिस को बताया उसने उक्त देसी पिस्तौल व कारतूस इसी साल की फरवरी माह में अपने दोस्त रविंद्र उर्फ मीन्ना निवासी विकास नगर से 45 हजार रुपए में खरीदा था। रविंद्र उर्फ मीन्ना की मार्च महीने में हत्या हो गई थी। इधर, आरोपी विनीत उर्फ कोको के खिलाफ थाना समालखा में केस दर्ज करवाया है।

### ग्रास का काल बने युवक की शिनाख्त नहीं हुई

**पानीपत।** पानीपत में रेलवे जंक्शन के पास रेलवे की ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) तार की चपेट में आ कर काल का ग्रास बने युवक की शिनाख्त नहीं हुई है। मृतक की उम्र करीब 38 साल है। जीआरपी इसकी शिनाख्त के प्रयास कर रही है। इसके लिए आसपास के जिलों में पुलिस को मृतक के फोटो भेजे गए है।

### डिपू धारक से प्राप्त करें सितंबर माह का राशन

**कैथल।** जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक निशांत राठी ने बताया कि सितम्बर में जो लाभार्थी राशन प्राप्त से वचिंत रह गए है, वे 8 अक्टूबर तक राशन प्राप्त कर सकते हैं। किसी लाभार्थी को राशन वितरण के सम्बन्ध में कोई शिकायत है तो वह सम्बन्धित क्षेत्र के सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी निरीक्षक/ उप-निरीक्षक को शिकायत दें।

## सीएम नायब सैनी ने भगवान श्रीराम की महाआरती में लिया हिस्सा

# मर्यादा व सच्चाई के रास्ते पर चलना सिखाती है रामायण

*इस पावन पर्व पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि अपने जीवन से बुराइयों को दूर करेंगे और समाज में अच्छाई, भाईचारे व प्रेम का संदेश फैलाएंगे : सैनी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

- हरियाणा सरकार सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ विकास कार्य करवा रही : सीएम

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्श हमारे जीवन को सही दिशा देते हैं। रामायण हमें यह सिखाती है कि धैर्य, मर्यादा, भाईचारे और सच्चाई के रास्ते पर चलकर ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। आज के इस पावन पर्व पर हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि अपने जीवन से बुराइयों को दूर करेंगे और समाज में अच्छाई, भाईचारे व प्रेम का संदेश फैलाएंगे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वीरवार को ठाकुरी देवी स्कूल लाडवा के सामने श्रीराम हनुमान रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला मंचन में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का समिति के पदाधिकारियों ने स्वागत किया और गदा भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने श्रीराम की महाआरती की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने समिति को 11 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस दौरान मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, एसडीएम पंकज सेतिया, मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, जिला अध्यक्ष तिजेंदर सिंह गोल्डी, चेयरमैन डॉ. गणेश दत्त, नपा प्रधान साक्षी खुराना साथ रहे। मुख्यमंत्री ने नागरिकों को विजयी दशमी, महात्मा गांधी जयंती, लाल बहादुर शास्त्री जयंती की बधाई दी। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर भी शुभकामनाएं दी। आज का दिन अत्यंत विशेष है, क्योंकि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। दशहरे का संदेश है कि चाहे बुराई कितनी भी बड़ी क्यों न हो, अंततः उसका नाश निश्चित है और सत्य व धर्म की हमेशा जीत होती है। हरियाणा सरकार भी श्रीराम के आदर्शों पर चलकर सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की भावना के साथ विकास कार्य करवा रही है। 3 अक्टूबर को केडीबी मेला ग्राउंड में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह नए अपराधिक कानूनी के साकारात्मक परिणामों पर आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। अंग्रेजों के समय से कानून अभी तक देश में चले आ रहे थे। जिन्हें समाप्त करके देश के नए कानून लागू किए हैं। दउन्होंने नागरिकों को इस कार्यक्रम के लिए निमंत्रण भी दिया।



कुरुक्षेत्र। श्रीराम का तिलक करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र दबखेड़ा, डॉ. अशोक निर्मल, सुशील गर्ग, जोगध्यान, कुश गर्ग, घनश्याम कंबोज, प्रधान राजेश वर्मा, हेमंत सैनी, नरेश गर्ग, अनिल मलिक, राकेश गर्ग, विपिन कम्बोज, अमित सिंहल, इशू कंबोज, रणित कम्बोज, देवराज राजू, सोमनाथ सोमी, राजेश अरोड़ा, पंकज, विपिन शर्मा, राकेश कंबोज, सुमित सिंहल, योगेंद्र कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# धान की खरीद प्रक्रिया पूरी तरह से हो पारदर्शी : राणा



यमुनानगर। रादौर अनाज मंडी में दौरा करने के दौरान संबंधित अधिकारियों की आयोजित बैठक में दिशा निर्देश देते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

- हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने अनाज मंडी रादौर का किया निरीक्षण
- निरीक्षण के दौरान कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने संबंधित अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने अनाज मंडी रादौर में दौरा कर धान खरीद का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और धान खरीद के कार्यों की समीक्षा की।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने रादौर अनाज मंडी में धान खरीद के ऑनलाइन गेट पास, इलेक्ट्रॉनिक कांटे से तौल, किसानों को शीघ्र भुगतान, स्वच्छता व्यवस्था एवं शिकायत निवारण प्रणाली का निरीक्षण किया।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों व आढ़तियों की शिकायतें तुरंत उच्चाधिकारियों से समन्वय कर हल की जाएं ताकि किसी को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि धान की खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, व्यवस्थित व समयबद्ध हो। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मार्केट कमेटी सचिव राजीव चोपड़ा, आढ़ती सुशील बत्रा, सुभाष कांबोज व राइस मिलर एसोसिएशन अध्यक्ष अजयेश गोयल आदि मौजूद रहे।

# कनाड़ा भेजने के नाम पर ठगे 8.30 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी का केस दर्ज

गांव मोड़ली निवासी रविंद्र कुमार को कनाड़ा भेजने के नाम पर आठ लाख 30 हजार रुपये हड़प लिए गए। आरोप राजेश कुमार व बलवंत सिंह पर लगा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव मोड़ली निवासी बलकार सिंह ने थाना छप्पर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका लड़का रविंद्र कुमार पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार की तलाश में विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसे पता चला कि राजेश कुमार व बलवंत सिंह लोगों का विदेश भेजने का काम करते हैं। वह फरवरी 2024 में अपने लड़के रविंद्र के साथ आरोपियों से मिला। आरोपियों ने कहा कि वह उसके लड़के को रोजगार के लिए कनाड़ा भेज देंगे। वह आरोपियों की बातों में आ गया। आरोपियों ने उससे अलग-अलग करके आठ लाख 30 हजार रुपये व उसके लड़के के जरूरी दस्तावेज ले लिए। आरोपियों ने उसके लड़के को जल्द कनाड़ा भेजने का आश्वासन दिया। मगर काफी दिन बीत जाने के बाद भी उसके लड़के को कनाड़ा नहीं भेजा। जब उसने इस बारे आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी दी।

### एलसीएलओ की क्रमिक भूख हड़ताल जारी

**कुरुक्षेत्र।** एलसीएलओ कर्मचारी यूनियन हरियाणा के बैनर तले लघु सचिवालय कुरुक्षेत्र के सामने हरियाणा सरकार की तानाशाही के खिलाफ धरना 14वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता एलसीएलओ के राज्य महासचिव पवन पलवल ने की।

धरने का संचालन जिला प्रधान गुरमीत ने किया। राज्य महासचिव पवन पलवल ने बताया कि हमारा अनशन शान्ति पूर्ण व अनुशासन में चल रहा है। ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ ने कहा कि जब तक सरकार छउछड कर्मचारियों को ड्यूटी पर नहीं ले लेती तब तक सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र से संबंधित सभी विभागीय कर्मचारी इनके धरने को समर्थन व सहयोग करते रहेंगे। आज क्रमिक अनशन पर प्रकाश,संदीप, दीपक, कर्म सिंह,रवि बैठे।

## मंत्री विज नहीं पहुंचे समारोह में

# दशहरा पर्व में बरसात ने डाला खलल, रावण व मेघनाथ के पुतले गीले होने से रह गए अधजले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- मंत्री विज की गैरमौजूदगी में पुतला दहन

दशहरा पर्व में वीरवार को भारी बरसात ने खलल डाल दिया। पिछले कई दिनों से पर्व को लेकर ट्विन सिटी में तैयारियां चल रही थी। मगर रावण-मेघनाथ व कुंभकर्ण के पुतले दहन से ऐन पहले बरसात आ गई। आनन फानन में पुतलों का दहन किया गया। इस दौरान रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतले आधे ही जल पाए। बरसात में गीले होने के कारण अंदर भरी आतिशबाजी भी नहीं चल पाई। अंबाला छावन के रामबाग में तो रामलीला मंचन का कार्यक्रम तक बारिश के कारण स्थगित करना पड़ा। इस कार्यक्रम में मंत्री अनिल विज को भी पहुंचना था। बरसात के कारण मंत्री मौके पर नहीं पहुंच पाए जिसके बाद पुतलों का दहन कर दिया गया।

वीरवार को ट्विन सिटी में कई जगह दशहरा पर्व की तैयारियां पूरी हो चुकी थी। अंबाला छावनी में रामाबाग व अंबाला शहर में सेक्टर 8 हुडा ग्राउंड व अंबिका मंदिर मैदान के साथ ही प्रेमनगर में भी बड़े स्तर पर दशहरा मेला का आयोजन किया गया था। यहां विभिन्न रामलीला समितियों और धार्मिक संगठनों की ओर से रावण, मेघनाथ व कुंभकर्ण के पुतले स्थापित किए गए थे। दोपहर से ही शहर में शोभायात्राएं और झांकियां निकाले जाने का सिलसिला चल रहा था।



अंबाला। बरसात में पुतले दहन का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

### बारिश से भगदड़

जब ट्विन सिटी में सभी जगह रावण, मेघनाथ व कुंभकर्ण के पुतलों को दहन का कार्यक्रम होने वाला था, तभी अचानक बरसात शुरू हो गई। आनन फानन में पुतलों को दहन किया गया लेकिन बरसात की वजह से पुतले भीगकर नीचे गिर गए। इसी वजह से पुतलों में भरा बारुद भी बेकार हो गया। बरसात की वजह से आयोजक कमेटी के पदाधिकारियों के साथ दर्शकों को भी मौके से भागना पड़ा। बरसात की वजह से ज्यादातर दर्शकों में भगदड़ मच गई।

## गुरुओं के दिखाए रास्ते पर चलें श्रद्धालु : संत राजेंद्र

- खालसा प्रचार गुरूद्वारा संत भवन इसराना साहिब में समागम का आयोजन हुआ

**इसराना।** खालसा प्रचार गुरूद्वारा संत भवन इसराना साहिब में 350 साला श्री गुरु तेग बहादुर जी की लासानी शहादत को समर्पित दसवीं के मौके पर वीरवार को सालाना समागम का आयोजन किया गया। समागम के मौके पर हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान व उत्तराखंड के अलावा विदेशों से भी संगत ने समागम ने शामिल हो कर गुरूद्वारा इसराना साहिब में मत्था टेका। इस मौके पर आयोजित सालाना समागम में आई सगंत को दिए संदेश में संत बाबा राजेंद्र सिंह खालसा ने कहा कि गुरूओं की वाणी व उन द्वारा बताए रास्ते पर चल कर ही कल्याण हो सकता है। शब्द गुरू को मान गुरूओं द्वारा दिए उपदेश पर चलें। उन्होंने कहा कि गुरूग्रंथ साहिब धार्मिक सहनशीलता व आपसी सदभाव का प्रतीक है जो इंसानियत व मानव कल्याण का रास्ता दिखाता है। उन्होनें बताया कि संत बाबा संतोख सिंह जी महाराज दशहरा दशवीं के दिन 1940 में हरपालके गांव से घर बार त्याग कर अपनी जिम्मेदारियां बडों के हवाले कर भक्ति के मार्ग पर निकलें थे। दशमी पर्व दरबार साहिब, संत बाबा संतोख सिंह महाराज के चक्रवर्ती होने में दिवस को समर्पित कर मनाया जाता है। समागम में एसपी भूपेंद्र सिंह, डीएसपी नवीन संधू, नगर निगम कमिश्नर विवेक चौधरी, एसडीएम नवदीप नैन ने शामिल हो कर गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेक संत जी से आशीर्वाद लिया। संत बाबा राजेन्द्र सिंह ने सभी को सरोपा व मोमेंटो भेंट किया। जबकि रागी जत्था हरकीरत सिंह, गगनदीप सिंह, मनिंदर सिंह, कथा वाचक ज्ञानी जानाल सिंह केसरी, ज्ञानी संतोख सिंह, डॉ गुरिंद्र सिंह, ढाडी जत्था सुरजीत सिंह ने संगत को सिखी इतिहास व गुरूवाणी शब्द गायन, गायिकी द्वारा सिखी इतिहास व गुरूवाणी सुना संगत को निहाल किया। गुरूद्वारा में दिनभर अटूट लगंर भी चला। इस मौके पर बाबा दलविंद्र सिंह, भाजपा नेत्री सुमित्रा जागलान, धर्मपाल जागलान व थाना प्रभारी महिपाल समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



इसराना साहिब में संत राजेंद्र अतिथियों को सरोपा भेंट करते हुए।

### विवाह में जानलेवा हमले के आरोपी पकड़े

**पानीपत।** पानीपत के गांव सींक में विवाह समारोह में दिनेश पर फायरिंग कर उसे गंभीर रूप से घायल करने के आरोप में इसी गांव के निवासी मोहित उर्फ गांधी पुत्र सतबीर व जींद जिला के गांव भाग खेड़ा निवासी रिंकू उर्फ बंटी को थाना मतलौडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मतलौडा थाना की उरलाना चौकी प्रभारी एएसआई अनिल ने बताया कि आरोपी मोहित पर पहले भी आर्म्स एक्ट में केस दर्ज है। इधर, दिनेश पर जान लेवा हमले के आरोप में उरलाना चौकी में सींक गांव निवासी अनिल पुत्र राजकुमार की शिकायत पर केस दर्ज है।

# चैक पर फर्जी हस्ताक्षर कर व्यक्ति के खाते से निकाले 4.95 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

**पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज किया**

चैक पर फर्जी हस्ताक्षर कर गांव रटौली निवासी बलकार सिंह के अकाउंट से चार लाख 95 हजार रुपये निकाल लिए गए। आरोप रणधीर सिंह, गुरविंद्र, चरण सिंह व अरूण पंडित पर लगा है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव रटौली निवासी बलकार सिंह ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका बैंक में अकाउंट हैं। 26 अगस्त को बैंक में पैसे निकलवाने के लिए गया। इस दौरान उसे पता चला कि उसके अकाउंट से चार लाख 95 हजार रुपये कम है। जांच करने पर उसे पता चला कि यह पैसे रणधीर सिंह, गुरविंद्र, चरण सिंह व अरूण पंडित ने चैक के माध्यम से निकलवाए हैं।

जांच करने पर चैक पर उसके साइन फर्जी किए हुए थे। उसने इस बारे आरोपियों से बात की। मगर उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## ढेरियों को तिरपाल से ढकने पर भी गीली होने से बच नहीं पाई धान

# बारिश से मंडी में बिकने के लिए आई किसानों की धान भीगी

- खेतों में जलभराव होने से डूबकर खराब हो गई फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

वीरवार दोपहर को हुई बारिश ने किसानों के लिए परेशानी पैदा कर दी है। करीब आधा घंटा चली बारिश की वजह से अनाज मंडी में बिकने के लिए आई किसानों की धान भी भीग गई।

धान को भीगने से बचाने के लिए ढेरियों को तिरपाल से तो ढका गया, लेकिन लगातार चली बूंदाबांदी से किसानों की धान फिर भी गीली होने से बच नहीं पाई। पिछले करीब दस दिनों से धान की आवक मंडी में जारी है लेकिन उठान न होने से हजारों क्विंटल धान मंडी में खुले आसमान के नीचे पड़ी है। किसानों का कहना है कि सैलर मालिक उठान में दिलचस्पी नही दिखा रहे है। बेमौसमी भारी बरसात के कारण किसानों के खेतों में पक कर तैयार खड़ी फसलें जमीन पर बिछ गईं, जिससे किसानों का भारी नुकसान हो गया। किसान हुकुमचंद, सुरजीत सिंह राजकुमार, बलजीत सिंह ने बताया कि खेतों में धान की फसल पककर तैयार थी, जो बारिश के कारण जमीन पर बिछ गई। खेतों में जलभराव होने से डूबकर फसल खराब हो गई। इसके अलावा मंडियों में धान लेकर पहुंचे कुछ किसानों की फसल भी भीग गई। किसानों ने सरकार से मुआवजे की मांग की है। वहीं किसानों ने बताया कि कुछ किसानों ने खेतों में लगी धान की फसल की कटाई करवाकर अनाज मंडी में आढ़तियों के पास गिराई। खरीद न होने के कारण फसल मंडी में खुले आसमान के नीचे बारिश की भेंट चढ़ गई। जिसके चलते उन्हें भी भारी नुकसान झेलना पड़ेगा।



कुरुक्षेत्र। बारिश के दौरान भीगती अनाज मंडी में पड़ी धान की बोरियां।

### अब तक खरीदी 177434 मीट्रिक टन धान

*उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र के खरीद केन्द्रों व मंडियों में धान की खरीद का कार्य खाद्य आपूर्ति एवं हैफेड एजेंसी द्वारा शुरू कर दिया गया है। इन दोनों एजेंसियों ने 177434 मीट्रिक टन धान की खरीद का कार्य पूरा कर लिया है। इस सीजन में खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 145732 और हैफेड ने खरीदी 31702 एमटी धान का खरीद कार्य किया गया है। अहम पहलू यह कि खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 51 प्रतिशत व हैफेड द्वारा 46 प्रतिशत धान का उठान कार्य किया जा चुका है। इस सीजन में धान का 2389 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जा रहा है।*

# फाइनेंसर पर दबाव डालकर दो लाख हड़पने का आरोप

- पुलिस ने आरोपी फाइनेंसर के खिलाफ किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की जवाहर नगर कॉलोनी निवासी कुंवर पाल सिंह ने फाइनेंसर सुरिंद्र कुमार पर जबरदस्ती दबाव डालकर दो लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

कुंवर पाल सिंह ने फरकपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि अक्तूबर 2024 को उसे पैसों की जरूरत थी। इस दौरान उसे पता चला कि सुरिंद्र कुमार लोगों को ब्याज पर पैसे देने का काम करता है। एक अक्तूबर 2024 को वह आरोपी से उसके कार्यालय में मिला। उसने आरोपी से ब्याज पर पैसे ले लिए। इसके बाद आरोपी सुरिंद्र सिंह ने उस पर जबरदस्ती दबाव बनाकर उससे करीब दो लाख रुपये ले लिए। इसके बाद भी आरोपी उस पर पैसे वसूली के लिए धमकियां दे रहा है। आरोपी ने उसके घर आकर उसके साथ मारपीट और गाली गलौच की। आरोपी ने उसकी पत्नी के कपड़े भी फाड़े। इसके साथ ही परिवार को जान से मारने की धमकी दी। उसने परेशान होकर आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी सुरिंद्र कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# निगम प्रशासन की बेरुखी के चलते सीनियर सिटीजन ने उठाया साफ-सफाई का बीड़ा, बदबू से हो रही थी भारी परेशान

**शहर के ग्रीन पार्क में गंदगी से भरे डस्टबिनों को किया खाली**



यमुनानगर। ग्रीन पार्क कॉलोनी में गंदगी से भरे डस्टबिनों की साफ सफाई करते हुए सीनियर सिटीजन। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के बावजूद शहर की ग्रीन पार्क कॉलोनी में गंदगी से भरे डस्टबिनों की साफ सफाई नहीं की गई। जिससे स्थानीय लोग डस्टबिनों से फैल रही बदबू से परेशान थे।

इसी परेशानी के चलते वीरवार को कालोनी के सीनियर सिटीजनों ने खुद डस्टबिनों की साफ सफाई करके उन्हें खाली कर वातावरण को स्वच्छ करने का काम किया।

वीरवार को ग्रीन पार्क कॉलोनी वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले सीनियर सिटीजन ने सफाई अभियान चलाया। इस दौरान सीनियर सिटीजन ने गंदगी से भरे डस्टबिनों को खाली किया। एसोसिएशन के प्रधान दविंद्र मेहता, नरेश नागपाल,सुभाष दत्ता, नरेश मेहता व राजेश विनायक ने बताया कि ग्रीन पार्क में लोग स्वच्छ वातावरण के लिए आते हैं।

*▶▶ नगर निगम प्रशासन को बार बार कहने के बावजूद नहीं खाली किए गए थे गंदगी से भरे डस्टबिन, अभियान के बावजूद ग्रीन पार्क कॉलोनी में गंदगी से भरे डस्टबिनों की साफ सफाई नहीं*

### बदबू बनी परेशानी

लेकिन यहां लगे डस्टबिन में आ रही बदबू का उन्हें प्रतिदिन सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत कई बार की गई। यहां तक की स्वच्छता एप पर भी दो बार लोकेशन के साथ फोटो खींच कर भेजी गई पर निगम कर्मचारियों एवं अधिकारियों पर इसका कोई असर नहीं पड़ा।

### सौतेला व्यवहार

एसोसिएशन से जुड़े सुरेंद्र वर्मा, धीर सिंह सैनी, धर्मपाल खुराना, अश्विनी मगौ, विमल चुघ, सुरेश सिंबल व कीमती लाल अरोड़ा ने कहा कि अधिकारियों एवं कर्मचारी के सौतेले व्यवहार के चलते मजबूरन उन्हें खुद डस्टबिन खाली करने को मजबूर होना पड़ा है।

### गंदगी एकत्रित

उन्होंने बताया कि आमतौर पर भी संगठन से जुड़े 85 वर्षीय सीनियर सिटीजन ओमप्रकाश भाटिया व हरि कृष्ण प्रतिदिन पार्क में इधर उधर बिखरे बिस्किट्टों एवं कुरकुरे के खाली पैकटो व पानी की खाली बोतलों को एकत्रित कर डस्टबिन में डालने का काम करते हैं।

### पार्क की सुंदरता की तारीफ

उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति संगठन के सदस्य हमेशा जागरूक रहते हैं और यही कारण है कि पिछले दिनों जब नगर निगम की अध्यक्षता सुमन बहमनी पार्क में आए थे तो उन्होंने पार्क की सुंदरता की तारीफ की थी। एसोसिएशन के सदस्यों ने प्रशासन से हर सप्ताह पार्क मे बने डस्टबिनों को खाली करवाए जाने और पेड़ पौधे की कटी हुई टहनियों एवं घास को भी उठाए जाने की मांग की।

---

**रावण के पुतले को आग की भेट करने से पहले आतिशबाजी का शानदार कार्यक्रम जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हुए**

*विजय दशमी पर्व पर जिलेभर में जगह जगह हुआ पुतलों का दहन, मेघनाथ व कुंभकरण के 65-65 फुट के पुतल बनाए*

# अहंकार के प्रतीक रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के धूं-धूं कर जले पुतले

**शहर के दशहरा ग्राऊंड में बने 70 फुट ऊंचे रावण के पुतले का दहन होने में लगा केवल दो मिनट का समय**

सबसे मुख्य कार्यक्रम शहर के दशहरा ग्राऊंड में किया गया। जहां पर शहर और आसपास के हजारों लोगों ने पहुंचकर महाराजा लंकेश रावण के पुतले का पूजन किया। रावण और उनके कुनबे के दहन के दौरान हजारों की संख्या में भीड़ जुटी।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

विजय दशमी का पर्व वीरवार को जिले भर में धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर जिले भर में अधर्म के पुतले जलाए गए।

मुख्य कार्यक्रम यमुनानगर के दशहरा परिसर में आयोजित किया गया। इस दौरान रावण का 70 फुट और मेघनाथ व कुंभकरण के 65-65 फुट के विशालकाय पुतलों को अग्नि की भेंट किया गया। पुतलों का दहन करने से पहले गणमान्य ने दशहरा ग्राऊंड में पहुंचकर लंकेश रावण का पूजन किया।

वीरवार सुबह से ही जिले भर में रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले जगह-जगह लगाए जाने शुरू हो गए थे। पुतलों को लगाए जाने का क्रम दोपहर तक चलता रहा। शाम होते ही पुतलों को आग के हवाले कर दिया गया।

**रावण के पुतला दहन से पहले प्रभु श्रीराम और रावण के बीच हुआ युद्ध**

**दशहरा परिसर स्थल पर पुलिस बल रहा तैनात**



यमुनानगर। दशहरा ग्राऊंड में धू-धू कर जलते रावण, कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतले।

### पुतले दहन से पहले श्रीराम और रावण के बीच हुआ संग्राम

दशहरा पर्व के अवसर पर वीरवार शाम के वक्त जगह-जगह श्रीराम और रावण की सेनाएं पुतला लगाए गए स्थानों पर डट गई। काफी देर तक दोनों सेनाओं के बीच भीषण संग्राम हुआ और अंत में धड़ाम की आवाज के साथ ही महाराजा रावण का अंत हो गया। जगह-जगह महाराजा रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले धू-धू कर जलने लगे।

### दहन से पहले आकर्षक आतिशबाजी ने दर्शकों का मन मोहा

यमुनानगर के दशहरा परिसर में रावण के पुतले को आग की भेंट करने से पहले आतिशबाजी का शानदार कार्यक्रम किया गया। जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। दशहरा पर्व के मौके पर हजारों लोगों की भीड़ जुटी। इसी तरह छोटा मॉडल टाऊन स्थित ग्राऊंड व शक्तिनगर ग्राऊंड में बच्चों द्वारा बनाए गए रावण को राम सेना ने आग की भेंट चढ़ाया। खास बात यह है कि शक्ति नगर में छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी जेब खर्ची के पैसे बचाकर रावण का पुतला स्वयं बनाया।

### सुरक्षा के किए थे कड़े इंतजाम

रावण के कुनबे के पुतलों के दहन के समय दर्शकों की आपार भीड़ जुटने की वजह से पुलिस प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए थे। इस दौरान शहर के चौराहों, मेन बाजार व दशहरा परिसर स्थल पर पुलिस बल तैनात किया गया था। खास बात यह रही कि दशहरा परिसर में संदिग्ध लोगों पर कड़ी नजर रखने के लिए शादी वर्दी में जवान तैनात किए गए थे।

### उपायुक्त व एसपी ने दी लोगों को बधाई

जिले में दशहरा पर्व शांतिपूर्वक संपन्न होने पर उपायुक्त पार्थ गुप्ता व पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने जिला की जनता को दशहरे के पावन पर्व की बधाई दी और लोगों के खुशहाल और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

---

**ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब नाचरौन द्वारा मेघनाथ वध व सलोचना सती का किया दृश्य मंचन**





यमुनानगर। गांव नाचरौन में चल रही रामलीला में दृश्य मंचन के शुभारंभ पर मुख्यातिथि के स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित करते हुए क्लब के सदस्य व सती सलोचना प्रभु श्रीराम से अपने पति मेघनाथ का शीश लेने के लिए विलाप करते हुए।

# वीर लक्ष्मण ने मारा बाण, मेघनाथ धराशायी

*हरिभूमि न्यूज. ▶▶ यमुनानगर*

*ग्रामीण रामा ड्रामेटिक क्लब के तत्वावधान में गांव नाचरौन में चल रही चौदह दिवसीय श्री रामलीला में तेरहवें दिन मेघनाथ वध और सलोचना सती का दृश्य मंचन किया गया।*

*दृष्य मंचन में कलाकारों ने अपनी प्रतिभा दिखाकर दर्शकों को करीब तीन घंटे तक रामलीला परिसर में बैठे रहने के लिए विवश कर दिया। इस दौरान कलाकारों की प्रतिभा देख श्रद्धालु गद गद हो गए। मेघनाथ वध के दृश्य मंचन का शुभारंभ मुख्यातिथि के रुप में ग्लोबल रिसर्च एंड ग्रुप इंस्टीट्यूशन की और से प्रतिनिधि के रुप में पहुंचे संजय पुंडीर ने रिबन काटकर किया। मौके पर क्लब के सदस्यों ने उन्हें स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया।*

*क्लब द्वारा तेरहवें दिन आयोजित रामलीला का शुभारंभ होते ही प्रथम दृश्य में महाराजा रावण से आज्ञा पाकर मेघनाथ युद्ध में विजय पाने के लिए मां के दरबार में महायज्ञ करने लगते हैं। वहीं, प्रभु श्रीराम का आर्शीवाद लेकर लक्ष्मण वीर हनुमान, सुग्रीव व विभिक्षण के साथ भारी संख्या में वानरों की सेना को लेकर मेघनाथ के महायज्ञ को खंडित करने के लिए पहुंच जाते हैं।*

### लक्ष्मण मेघनाथ के महायज्ञ को खंडित करने में सफल

इस दौरान काफी प्रयास के बाद लक्ष्मण मेघनाथ के महायज्ञ को खंडित करने में सफल हो जाता है। जिसके बाद दोनों में भयंकर युद्ध होता और मेघनाथ का वध हो जाता है। मेघनाथ के वध की सूचना मिलते ही उनकी पत्नी सलोचना महाराजा रावण से आज्ञा पाकर प्रभु श्रीराम के खेमें में पहुंचकर अपने पति मेघनाथ का शीश लेकर सती हो जाती है। प्रभु श्रीराम से अपने पति का शीश लेते वक्त सलोचना का दृष्य मंचन इतना मार्मिक था कि दर्शकों की भी आंखे नम हो गई। इसके बाद आरती पूजन के बाद रामलीला को विश्राम दिया गया। मौके पर क्लब के प्रधान डॉ. लाभ सिंह, निदेशक कोच चंद्रपाल , सेठपाल शर्मा, मुकेश जेलदार, यशपाल राणा, राहुल पुंडीर, संदीप राणा, यशपाल सिंह, राजकुमार व प्रदीप आदि मौजूद रहे।

---



### सांस्कृतिक उत्सव संस्कृति को रखते हैं जीवित: विवेक

**रादौर।** जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज के रिजोनेंस व कलाकृति क्लब के तत्वावधान में संस्थान में दशहरा के मौके पर डांडिया उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने किया। संस्थान के निदेशक डॉ. विवेक शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों व अन्य स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने रंग बिरंगे परिधान पहन कर गरबा और डांडिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। पारंपरिक गुजराती धुनों पर थिरकते सभी ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया।

**स्वस्थ नारी सशक्त भारत कार्यशाला**

## महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति रहना चाहिए जागरूक: हैप्पी खेड़ी



यमुनानगर। गांव टोपरा खुर्द में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

**रादौर।** सेवा पखवाड़ा के तहत आयुष विभाग द्वारा वीरवार को गांव टोपरा खुर्द में स्वस्थ नारी सशक्त भारत कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सरपंच देवेंद्र सिंह सैनी ने की। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता हैप्पी खेडी ने मुख्यातिथि के तौर पर भाग लिया। मुख्यातिथि हैप्पी खेडी ने कहा कि जागरुकता के अभाव में महिलाएं बीमारियों का शिकार हो जाती हैं। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति ऐहतियात बरतना चाहिए। इस प्रकार के कार्यक्रम महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरुर करने के लिए अनिवार्य हैं। मौके पर सरपंच देवेंद्र सिंह ने बताया महिलाओं का स्वस्थ रहना बेहद जरुरी है। उन्हें अपने खान पान पर ध्यान देने और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरुक होना चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. साहिल, डॉ. सुनील ने महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी। योग शिक्षक मधु ने महिलाओं को योगा अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### व्यक्ति से 20 हजार रुपये की नकदी छीनी

**यमुनानगर।** व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव हडतौल में बदमाशों ने व्यक्ति को रोककर उससे 20 हजार रुपये छीन लिए। घटना के बाद आरोपी बदमाशा खेतों से रास्ते से भाग निकले। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार व्यासपुर थाना क्षेत्र की माता कॉलोनी निवासी बिशनदास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 01 अक्तूबर को वह किसी काम से बाहर गया था। दोपहर साढ़े 12 बजे जब वह घर वापस लौट रहा था तो गांव हड़तौल के पास बदमाशों ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने उसकी जेब से 20 हजार रुपये छीन लिए।

## स्वयंसेवकों ने पथसंचालन कर युवाओं को देश सेवा के लिए किया जागरूक



*यमुनानगर। रादौर क्षेत्र के गांव मंधार में पथ संचालन करते हुए आरएसएस के स्वयंसेवक।*

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने गांव मंधार में मनाया सौवां स्थापना दिवस

*रादौर। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा गांव मंधार में आरएसएस का 100वां स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर पथसंचालन किया गया। कार्यक्रम में मंधार मंडल के छह गांव के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। आरएसएस सदस्य मास्टर सतपाल कांबोज ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पिछले सौ वर्ष से हिंदूओं के उत्थान और राष्ट्र के विकास के लिए कार्य कर रहा है। हिंदू बच्चों को आरएसएस अपनाकर देश सेवा के कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। बच्चे देश का भविष्य होते हैं।*

### आरोपी से देसी पिस्टल व दो जिंदा राउंड बरामद

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की अपराध अन्वेक्षण शाखा टू ने एक युवक को फतेहपुर नहर पटडी के पास से गिरफ्तार कर उससे देसी पिस्टल व दो जिंदा राउंड बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार टीम में तैनात सिपाही अंकित ने बताया कि उनकी टीम शहर में गश्त कर रही थी । इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि फतेहपुर नहर पटरी के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है।

---

**सरकारी मूल्य से कम दामों पर सेलर मालिक आढ़तियों की मिली भगत से खरीद रहे धान**

# यमुनानगर: अनाज मंडियों में नमी बताकर कम मूल्य पर धान खरीदकर धरतीपुत्रों का किया जा रहा आर्थिक शोषण : सुढ़ल

**अनाज मंडियों में किसानों के साथ धान खरीद में हो रही लूट खसूट पर अंकुश लगाया जाए**



यमुनानगर। गुमथला अनाज मंडी में धान बेचने आया किसान सुखे हुए धान की ढ़ेरी में कट लगाए जाने का आरोप लगाता हुआ। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले की अनाज मंडियों में धान की सरकारी खरीद शुरु हो जाने के बावजूद गुमथला, रादौर व जगाधरी समेत अन्य मंडियों में किसानों की धान को नमी बताकर कम दामों पर खरीदकर उनका आर्थिक शोषण किया जा रहा है।

इस संबंध में भारतीय किसान यूनियन के सदस्यों ने यूनियन के प्रदेश संगठन मंत्री हरपाल सिंह सुढ़ल के नेतृत्व में एसीडएम जगाधरी से मिलकर अनाज मंडियों में किए जा रहे किसानों के आर्थिक शोषण बद करवाए जाने और कम दाम पर खरीदने वाले व्यापारियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। भाकियू के प्रदेश संगठन मंत्री हरपाल सिंह सुढैल के नेतृत्व में यूनियन के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम जगाधरी से मिलकर बताया कि जगाधरी अनाज मंडी समेत जिले की कई अनाज मंडियों में किसानों की धान में नमी बताकर उसे कम मूल्य पर खरीदा जा रहा है। जिसमें सेलर मालिकों और आढ़तियों की मिली भगत चलने से किसानों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है।



यमुनानगर। गुमव एसडीएम जगाधरी से मिलता हुआ भाकियू का प्रतिनिधिमंडल।

### लगाया जा रहा दो सौ रुपये का कट

गमुथला अनाज मंडी में धान बेचने आए किसान सुखविंद्र, चमन, रमेश व सतबीर आदि ने आरोप लगाया कि मंडी में नमी बताकर धान को प्रति क्विंटल दो सौ रुपये कम पर खरीदा जा रहा है। उन्होंने बताया कि कई कई दिन अनाज मंडी में धान को सुखाने के बावजूद उनकी धान पर कट लगाया जा रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन से अनाज मंडियों में किसानों के साथ की जा रही लूट खसूट पर अंकुश लगाए जाने की मांग की।

उन्होंने बताया कि सेलर मालिक किसानों को धान में नमी के कारण बहुत अधिक लूट रहे हैं और किसानों का आर्थिक शोषण कर रहे हैं। यूनियन के प्रदेश संगठन मंत्री हरपाल सिंह सुढ़ल ने एसडीएम को बताया कि सेलर मालिक धान में 17 मोस्चर से ऊपर 20 प्वाइंट तक 25 रुपये प्रति क्विंटल, 21 प्वाइंट पर 45 रुपये प्रति क्विंटल और 22वें प्वाइंट मोस्चर पर 50 रुपये प्रति क्विंटल का कट लगा रहे हैं। जिससे किसानों का जमकर आर्थिक शोषण किया जा रहा है। एसडीएम जगाधरी ने भाकियू के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया किधान बेचने में किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी। इस मौके पर सीनियर किसान नेता कृष्णपाल, ध्यान सिंह महला, जसविंदर सिंह, दलवीर सिंह, मनीष कुमार व गुरविंदर सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

## संगठन को मजबूत करना हर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी: उमेश

**रादौर।** कांग्रेस रादौर के कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन गांव बुबका में किया गया। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उमेश कांबोज ने की। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को प्रतिपक्ष का नेता व राव नरेंद्र सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता उमेश कांबोज को लड्डू खिलाकर बधाई दी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उमेश कांबोज ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा को प्रतिपक्ष का नेता बनाकर कार्यकर्ताओं में नई चेतना का संचार करने का काम किया है। वहीं, राव नरेंद्र सिंह को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से आज राज्य भर में कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।



यमुनानगर। बुबका में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता उमेश कांबोज का मुंह मीठा करवाते कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं की गांव बुबका में बैठक**

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा और राव नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में प्रदेश में कांग्रेस का संगठन मजबूत होगा। उमेश कांबोज ने दावा जताया कि प्रदेश में आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आहवान किया कि वह अपनी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से संगठन को मजबूत करने का काम करें। ताकि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाई जा सके। संगठन को मजबूत करना हम सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है।

## खबर संक्षेप



### रोटरी क्लब महिला विंग ने किया गरबा डांस

**पिहोवा।** रोटरी क्लब पिहोवा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में महिला विंग ने गरबा डांस प्रस्तुत कर खूब धूम मचाई। क्लब से जुड़ी सभी महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा धारण कर गरबा डांस प्रस्तुत किया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय, सांस्कृतिक और आनंदमय हो उठा। डॉ. दीपिका अरोड़ा ने बताया कि दुर्गा अष्टमी, दुर्गा नवमी और विजयदशमी का पर्व शक्ति की साधना और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। क्लब की सदस्या कृतिका बंसल ने कहा कि महिलाएं इस पर्व को लेकर विशेष तैयारियां करती हैं, व्रत रख कर माता की पूजा, सजावट, गीत-संगीत और पारंपरिक नृत्य के माध्यम से उत्सव का आनंद लिया जाता है।

### किसानों को राहत दिलाना प्राथमिक उद्देश्य

**पिहोवा।** पिहोवा से कांग्रेस विधायक मनदीप सिंह चट्ठा ने आज पिहोवा अनाज मंडी का निरीक्षण कर मंडी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मार्केट कमेटी के सचिव को बुलाकर अनाज की नमी की स्वयं जाँच करवाई और मंडी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी भी किसान को अपनी फसल बेचने में दिक्कत नहीं आनी चाहिए। चट्ठा ने कहा कि इस समय किसान दोहरी मार झेल रहे हैं एक ओर मंडियों में उनकी फसल की खरीद सुचारू रूप से नहीं हो रही, वहीं दूसरी ओर प्राकृतिक आपदा ने उनका जीवन कठिन बना दिया है। कई जगहों पर बाढ़ के कारण फसलें नष्ट हो गई हैं, और जो फसलें बची हैं वे बीमारियों की चपेट में आ रही हैं।

धूमधाम से मनाया बुराई पर अच्छाई का प्रतीक दशहरा पर्व

# धूं-धूं कर जला अहंकारी रावण, बुराई का अंत, गूंज उठे जय श्रीराम के नारे



कुरुक्षेत्र। धूं-धूं कर जलता रावण का पुतला।



◆ *सांय 4 बजे पुराना बस अड्डे से शोभायात्रा निकाली गई जोकि शाम 5 बजे थीम पार्क पहुंची*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

वर्षो से बुराई पर अच्छाई की विजय की प्रतीक के रूप में मनाया जाने वाला दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन भगवान श्री राम द्वारा तीर चलाकर किया गया। जिसके बाद अच्छाई की बुराई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व पूर्ण हुआ और बुराई धूं-धूं कर जली। उत्सव में पूर्व मंत्री सुभाष सुधा बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे व अध्यक्षता थानेसर विधायक एवं दशहरा कमेटी सरंक्षक अशोक अरोड़ा ने की। इस अवसर युवा भाजपा नेता साहिल सुधा भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। सांय 4 बजे पुराना बस अड्डे से शोभायात्रा निकाली गई जोकि शाम 5 बजे थीम पार्क पहुंची। थीम पार्क में रावण दहन के साथ-साथ लंका को रामभक्त हनुमान जी द्वारा जलाए जाने का दृश्य भी दिखाया गया। पुतलों के ठीक सामने मैदान में ही कृत्रिम लंका का निर्माण किया गया था, जिसे शोभायात्रा के हनुमान ने जलाकर खाक कर दिया। इसके अलावा दर्शकों को आकर्षित करने के लिए रंगारग कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। रंगीन आतिशबाजी का रंगारग कार्यक्रम दिखाया गया जोकि सांझ ढलने पर लोगों का लुभाने का काम करती रही। इसके अलावा बास पर चलने वाले कलाकारों ने भी लोगों का खूब मनोरजन किया। मैदान में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए उत्सव की अध्यक्षता कर रहे अशोक अरोड़ा ने कहा कि युग भले कोई भी हो परन्तु बुराई पर अच्छाई की जीत हर युग में होती आई है और होती रहेगी। उन्होंने हजारों की संख्या में उमड़े जनसमूह से आह्वान किया कि वे इस मैदान से यह प्रण लेकर जाएं कि वे समाज में फैली बुराईयों को जड़ से मिटाने में एकजुट होकर कार्य करेगे। उन्होंने लोगो से कन्या भ्रूण हत्या न करने पर विशेष प्रण लेने की बात कही। दशहरा उत्सव कमेटी के मुख्यातिथि पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने थीम पार्क मैदान में उमड़ी भीड़ को दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दशहरे के अवसर पर सभी देशवासियों को ये संकल्प लेना चाहिए कि वे अपने मन की भीतरी बुराइयों को दूर कर समाज और देश हित में अपना योगदान देंगे।

### लाडवा में किया पुतले का दहन

लाडवा। शिवाला राम कुंडी में दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। 55 फुट के रावण के पुतले का दहन किया गया। मुख्यातिथि समाजसेवी सचिन गर्ग व अंकुश गोयल ने कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इसलिए हर वर्ष विजयादशमी के दिन रावण का दहन किया जाता है।

### शाहबाद में दो जगह रावण के पुतले का दहन

शाहबाद। विजयदशमी के उपलक्ष में नगर के शिव मंदिर रामलीला कमेटी और श्रीबालाजी रामलीला कमेटी द्वारा लैंडमार्क दशहरा ग्राउंड और देवी मंदिर ग्राउंड में रावण के पुतले जलाए गए। लैंडमार्क दशहरा ग्राउंड में भाजपा नेता सुभाष कलसाना व समाजसेवी संदीप गर्ग बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहे। दोनों रामलीला कमेटियों ने अलग-अलग शोभा यात्रा निकालकर दशहरा ग्राउंड पहुंचे। शोभा यात्रा की अगवाई में आतिशबाजी का विशेष प्रबंध रहा। नगर के हर हिस्से में दुकानदारों ने शोभायात्रा की फल आदि वितरित किया। दशहरा ग्राउंड में शहर के काफी संख्या में महिला पुरुष और बच्चे पहुंचे। इसके अलावा हल्का शाहाबाद के सभी गांव के महिला पुरुष और बच्चे भी रावण दहन देखने के लिए पहुंचे।



शाहबाद। लैंडमार्क दशहरा ग्राउंड में बतौर मुख्यातिथि मौजूद भाजपा नेता सुभाष कलसाना व समाजसेवी संदीप गर्ग। फोटो : हरिभूमि

### दोपहर को जुटनी शुरू हो गई थी भीड़

दशहरा उत्सव में भाग लेने के लिए दोपहर से ही ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने पहुंचना शुरू कर दिया था। दोपहर के समय मैदान में लगे रावण के 65 फुट, कुंभकरण के 55 तथा मेघनाथ के 50 फुट ऊंचे पुतलों के निकट बच्चे फोटो खिंचवाते नजर आए। उत्सव को सफल बनाने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के अलावा मैदान में योजनाबद्ध तरीके से लोगों के खड़े रहने, बैठने की व्यवस्था की गई थी। थीम पार्क के चारों ओर अस्थाई दुकानें बनाई गई थीं।

### लकड़ियां उठाने में जलाए हाथ

वहीं रावण दहन के बाद लोगों ने रावण की अस्थियों को उठाने में भी जल्दबाजी की। रावण उस समय तक पूरी तरह से जला भी नहीं था और लोग पुतले की ओर दौड़ पड़े। कई ने जल्दबाजी में रावण की अस्थियों को हाथों में उठा लिया था। जिसके कारण हाथ जला बैठे। लोगों का मानना है कि रावण की अस्थियों को घर में रखना शुभ माना गया है। इस अवसर पर प्रधान अमित गुलाटी, मुख्य सलाहकार धीरज गुलाटी, डॉक्टर श्याम लाल आहूजा, गुलशन गाबा, सुनील कक्कड़, मुल्ख राज अनेजा, प्रेम मदान, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन गगन कोहली, मुकंद लाल सुधा, संजय सिडाना, पवन कुमार, डॉ. राजेश वधवा, नरेंद्र चौहान, राजीव गर्ग, लाभ सिंह सैनी, नरेश सोनी, आशीष सभरवाल, धीरज गुलाटी, प्रवीण ढींगरा, प्रशांत पुरी, रिंकू ललित, गगन कक्कड़, अर्जुन शर्मा आदि भी मौजूद रहे।

भाजपा सरकार ने लोगों से सिर्फ वादे किए

## कांग्रेस आलाकमान ने उत्तरी हरियाणा के साथ किया भेदभाव : प्रवीन कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी सैल के पूर्व प्रदेश संयोजक पानीपत प्रवीन कश्यप।

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी सैल के पूर्व प्रदेश संयोजक व जिला प्रभारी पानीपत प्रवीन कश्यप ने कांग्रेस आलाकमान द्वारा राव नरेंद्र सिंह को हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष व भूपेंद्र सिंह हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दोनों की नियुक्ति में उत्तरी हरियाणा के साथ भेदभाव किया गया है। प्रवीन ने कहा कि विधानसभा चुनाव में उत्तरी हरियाणा से कांग्रेस ने सबसे अधिक सीटें जीत दर्ज की है, इसके बावजूद उत्तरी हरियाणा के साथ भेदभाव किया गया।

प्रवीन ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष या नेता प्रतिपक्ष के लिए उत्तरी हरियाणा के किसी नेता को चुना जाना चाहिए था, लेकिन पार्टी आलाकमान से ऐसा नही किया। प्रवीन ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार से आज हर वर्ग नाराज है। किसानों को धान बेचने के लिए कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारी वर्ग अपनी मांगों को लेकर आए दिन धरने पर बैठने को मजबूर है। वहीं बढ़ती महंगाई ने आमजन की कमर तोड़कर रख दी है।

युवाओं को रोजगार नही मिल रहे है जिस कारण युवा विदेशों में पलायन कर रहे है। प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर है। प्रवीन ने कहा कि कांग्रेस सरकार में ही लोगों के हित सुरक्षित है। भाजपा सरकार ने लोगों को झूठे वादे दिखाकर सत्ता हासिल की है। लोग भाजपा सरकार के झूठे वादे को समझ चुकी है।

लाडो लक्ष्मी योजना में इतनी शर्तें लगा दी गई है जिसे पूरा करने के लिए बहनों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने अब कांग्रेस सरकार को सत्ता में लाने का मन बना लिया है।

### स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं: जगमोहन



कुरुक्षेत्र। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य जगमोहन ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य जगमोहन ने कहा कि इस कार्यक्रम में निबंध लेखन और भाषण प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानाचार्य जगमोहन ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों को अपनाकर हम अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं। स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं है, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है। हमें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं और संस्थान के कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता दिवस के अवसर पर स्वच्छता और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। छात्रों ने स्वच्छता अभियान और जागरूकता कार्यक्रमों में भाग लेकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य निर्मल प्रिंजा सहित संस्थान का स्टाफ उपस्थित था।

### विधायक मनदीप सिंह चट्ठा ने पिहोवा अनाज मंडी का निरीक्षण किया



## बच्चों ने दिया संस्कृति व स्वच्छता का संदेश

■ कैंब्रिज वर्ल्ड स्कूल में विजयदशमी व गांधी जयंती पर किया भव्य आयोजन

पिहोवा। कुरुक्षेत्र रोड मुर्तजापुर के कैंब्रिज वर्ल्ड स्कूल में विजयदशमी और गांधी जयंती का पर्व पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में बच्चों ने जहां रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले तैयार किए, वहीं आकर्षक झांकियों, रंगोलियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से बुराई पर अच्छाई की जीत का अद्भुत संदेश दिया। पुतला दहन के दौरान छात्रों ने जयश्री राम के जयकारों से वातावरण गूंजा दिया। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के बच्चों ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। छोटे बच्चों ने रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिता में रामायण प्रसंगों को जीवंत कर दिखाया। वहीं वरिष्ठ कक्षाओं के विद्यार्थियों ने नाटक और भाषणों के माध्यम से राम के आदर्शों और मयार्दा का संदेश दिया। इसी दौरान विद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती भी मनाई गई। बच्चों ने विद्यालय प्रांगण में



स्वच्छता अभियान चलाया और स्वच्छ भारतझ्रस्वस्थ भारत का नारा दिया। हाथों में झाड़ू लेकर बच्चों ने प्रण किया कि वे सदैव स्वच्छता को अपनाएंगे और समाज में गंदगी को दूर करने का संदेश फैलाएंगे। विद्यालय के चेयरपर्सन महेश तलवाड़ ने कहा कि विजयदशमी हमें सिखाती है कि चाहे बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंत में सत्य और धर्म की विजय ही होती है। हमें श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपना कर मयार्दा, भाईचारे और सत्य की राह पर चलना चाहिए। विद्यालय के एम.डी. लव तलवाड़ ने गांधी जयंती पर विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी ने हमें सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का मार्ग दिखाया।

## गीता विद्यालय में विजयदशमी पर कार्यक्रम



**कुरुक्षेत्र।** विजयदशमी पर श्रीमद् भागवत गीता व माध्यमिक विद्यालय में धूमधाम से मनाया। विद्यालय प्राचार्य अनिल मदान ने सभी मुख्य अतिथियों का परिचय कराकर स्वागत किया। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य रासबिहारी पांडे नेअपने संबोधन में बताया कि विजयदशमी का पर्व हमें अच्छाई से बुराई पर विजय का संदेश देता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता ने बताया कि नवरात्रि शक्ति पूजा का पर्व है जिसमें हम 9 दिन तक या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः -के मंत्र का जाप करक माँ से शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। विजयदशमी के दिनहम रावण दश मुखों 10 प्रकार की बुराइयो जैसे काम ,क्रोध ,मद ,मत्सर, अपरिहार्य ,अस्तेय आदि बुराईया का नाथ दस अच्छाईयो जैसे . माता पिता वृदों का वंदन, सत्कार त्याग, तपस्या कर्मशीलता, आलस्य न होना तथा आजका काम आज ही समाप्त करना, किसी की बुराई न करना आदि को सद्गुणों को ग्रहण कर एक सुयोग्य नागरिक बनना तथा इसके साथ साथ शारीरिक,मानसिक प्राणिक ,बौद्धिक ,आध्यात्मिक शक्ति विकास कर देश अपने का तथा देश को समृद्ध शाली बनाना हैं।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भी बुजुर्गों और वृद्धों के प्रति विशेष लगाव : सुमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम एवं अन्नक्षेत्र को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा 11 लाख रुपए की अनुदान राशि जारी की गई। बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन सैनी ने पीडब्ल्यूडी विश्रामगृह में अनुदान राशि का चेक बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम के पदाधिकारियों को सौंपा। उन्होंने कहा की बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम बुजुर्गों की सेवा के लिए बहुत अच्छी व्यवस्था कर रहा है । उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भी बुजुर्गों और वृद्ध आश्रम के प्रति विशेष लगाव है। बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम के प्रधान विकास सिंघल ने अनुदान राशि देने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा दी गई राशी से बुजुर्गों के लिए सुविधायुक्त नई डारमेट्री बनाई जाएगी। बाबा बंसी वृद्ध आश्रम के सचिव अनुज



गोयल ने वृद्धाश्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बाबा बंसी वाला वृद्ध आश्रम 1998 से बुजुर्गों की सेवा के लिए सदैव समर्पित है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, जिला सचिव नरेंद्र सिंघल, मार्केट कमेटी के अध्यक्ष डॉ गणेश दत्त शर्मा, उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंगला, वीरेंद्र सिंघल, अनुज गोयल, संजय सिंगला,कुंवर सिंघल,अमन सिंगला सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

जिलाभर में मनाई राषट्रपिता गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जयंती

## महात्मा गांधी ने अहिंसा के रास्ते पर देश को आजाद करवा दुनिया को नया रास्ता दिखायाः प्रो. सोमनाथ सचदेवा

कुरुक्षेत्र। जिलाभर में राष्टपिता गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर विश्वविद्यालय के श्रीमद भगवद गीता सदन के प्रांगण में स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ. वीरेन्द्र पाल व विश्वविद्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों ने महात्मा गांधी को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि 2 अक्टूबर का दिन हर भारतवासी के लिए महत्व रखता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने जन-जन को जोड़ने का काम किया और अहिंसा के रास्ते पर चलते हुए देश को अंग्रेजो से मुक्त करवाते हुए दुनिया को एक नया रास्ता दिखाया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी त्याग, तपस्या व बलिदान की अद्भुत एवं महान व्यक्तित्व थे। इस मौके पर सभी ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ. वीरेन्द्र पाल, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. राकेश कुमार, प्रॉक्टर प्रो. अनिल गुप्ता, कुटा प्रधान डॉ. जितेन्द्र खटकड़, युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, मुख्य सुरक्षा अधिकारी प्रो. आनंद कुमार, प्रोफेसर परमेश कुमार, उपनिदेशक डॉ. सलोनी दिवान, डॉ. संतोष कुमार दुबे, राजपाल, एनसीसी कैडेट सहित अन्य मौजूद थे।

### देश की उन्नति और विकास में महापुरुषों का अहम योगदान: मेवा सिंह



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तो वहीं पौधारोपण भी किया गया। कांग्रेस जिला अध्यक्ष मेवा सिंह ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ आजादी का संग्राम छेड़कर देश को आजाद करवाने में अपनी भूमिका निभाई। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा कि महात्मा गांधी का सत्य और अहिंसा विश्व के लिए शांति का अमोघ अस्त्र है। मौके पर कांग्रेस नेता दीनानाथ अरोड़ा, मेहर सिंह रामगढ़, पवन चौधरी, युवा जिलाध्यक्ष कुलदीप ढिल्लो, संजीव भूखड़ी, भीम सिंह उमरी, सुरेंद्र फौजी, सुनीता नेहरा, रीना बाल्मीकि, नरेंद्र चौहान, अशोक शर्मा, वीरेंद्र रोहिला, गौरव शर्मा, ओमप्रकाश कश्यप, राजेश बंसल, जाफर खान आदि मौजूद रहे।

### नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गांधी जयंती व शास्त्री जयंती मनाई



कुरुक्षेत्र। नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें अध्यापक शक्ति प्रकाश ने बच्चों को महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन के बारे में विस्तार से बताया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी को माल्यार्पण किया गया। विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा ने बताया कि गांधी जयंती के दिन को विश्व अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

## ज्ञान सागर ने 73 साल की उम्र में जीता बैडमिंटन में राष्ट्रीय मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र सेक्टर-13 के ज्ञान सागर आहूजा एडवोकेट ने 73 साल की उम्र में राष्ट्रीय बैडमिंटन टूनार्मेंट में भाग लिया और कांस्य पदक जीतकर कुरुक्षेत्र जिले का नाम रोशन किया है। ज्ञान सागर एडवोकेट के कुरुक्षेत्र पहुंचने पर सीनियर खिलाड़ियों ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रीय खेलों के तहत यह बैडमिंटन टूनार्मेंट हिमाचल प्रदेश में सोलन के समीप कुमार-हट्टी शहर में हुआ।

इस टूनार्मेंट में 35 से लेकर 75 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। ज्ञान सागर आहूजा ने बताया कि इस राष्ट्रीय बैडमिंटन टूनार्मेंट में महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ जम्मू कश्मीर, पंजाब, हरियाणा समेत 16 राज्यों के 637 खिलाड़ी पहुंचे हुए थे। ज्ञान सागर ने खुलासा किया कि उन्होंने सिंगल, डबल और मिक्स डबल तीनों खेलों में भाग लिया था। मगर मिक्स-डबल्स में वह पंचकूला की महिला खिलाड़ी उषा शर्मा (87) से जोड़ी बनाकर मिक्स डबल खेले थे। जिसमें उन्होंने कांस्य पदक जीतने में कामयाबी हासिल की। इस मौके पर आर.के. शर्मा, बाबूराम भी मौजूद रहे।



राष्ट्रीय बैडमिंटन खेल के मिक्स डबल में कांस्य पदक दिखाते हुए विजेता ज्ञान सागर आहूजा।

*टूनार्मेंट में 35 से लेकर 75 आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया*

*16 राज्यों के 637 खिलाड़ी पहुंचे हुए थे*

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने दी जानकारी

## केंद्रीय गृहमंत्री शाह 3 बजे पहुंचेंगे कुरुक्षेत्र, कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 3 अक्टूबर को 3 बजे कुरुक्षेत्र पहुंचेंगे। जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम की सभी तैयारियां के पूरा कर लिया गया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह नए आपराधिक कानूनों को सबसे पहले लागू करने से हरियाणा को प्राप्त सकारात्मक परिणामों को धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र से देशभर के लोगों को बताएंगे। इससे पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह इन परिणामों की प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे।

इसके साथ ही प्रदेश के नागरिकों को 825 करोड़ रुपए की 19 परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास भी करेंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे। प्रदेश के अन्य मंत्रीगण भी कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम की जिला प्रशासन व पुलिस विभाग सहित अन्य सभी विभागों ने सभी तैयारियों को पूरा कर लिया है।

### नए आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी के सभी 10 स्टॉलों तैयारःविश्राम कुमार मीणा



कुरुक्षेत्र। प्रदर्शनी में लगाया गया जिला कारागार कुरुक्षेत्र का स्टॉल।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि केडीबी के मेला ग्राउंड में नए आपराधिक कानूनों की प्रदर्शनी के सभी स्टॉलों को तैयार कर लिया गया है। यह प्रदर्शनी नए कानून से हुए परिवर्तन, उपलब्धियों और सकारात्मक परिणामों को दर्शाती है। इस भव्य एवं वैभवशाली प्रदर्शनी का 3 अक्टूबर को देश के केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह उद्घाटन करेंगे। यह महत्वपूर्ण प्रदर्शनी कई दिनों तक चलेगी, जिसे अधिवक्ता, छात्र, अभिभावक और आम नागरिक शामिल होकर आपराधिक न्याय प्रणाली में हुए बदलावों को समझ सके। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रदर्शनी में 7 अलग-अलग विभागों की भूमिका को भी दर्शाया गया है। इस प्रदर्शनी को 10 भागों में विभाजित किया गया है। इनमें पुलिस के कंट्रोल रूप, पुलिस थाना, अस्पताल का पोस्टमार्टम, कोर्ट, लैब, जेल और अन्य संबंधित विभागों को शामिल किया गया है।

### बिना पास वाले व्यक्तियों की एंट्री नहीं

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कार्यक्रम में मुख्य स्थानों के लिए जिला प्रशासन द्वारा पास जारी किए गए हैं। बिना पास वाले व्यक्तियों की चिन्हित स्थानों पर एंट्री नहीं होगी। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इस कार्यक्रम में दूसरे जिलों से करीब 450 बसों से नागरिकों, कर्मचारियों व अन्य लोगों को पहुंचना है। बसों के पार्किंग की पुलिस द्वारा व्यवस्था की गई है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि गृहमंत्री कुरुक्षेत्र दौरे के दौरान कुरुक्षेत्र शहर में किसी भी प्रकार के ग्लाइडर व ड्रोन उड़ाने पर पाबंदी रहेगी। कुरुक्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से किसी भी कंपनी या व्यक्तिगत ग्लाइडर या ड्रोन उड़ाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री के हेलीकॉप्टर के लिए हेलीपैड खेल मैदान केयूके में बनाया गया है। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने के लिए पुलिस द्वारा रूट तय किया हुआ है। इस कार्यक्रम की कानूनी व्यवस्था, सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए बीएनएसएस 2023 की धारा 163 लागू करने के आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मार्ग, हैलीपेड क्षेत्र व उसके आस-पास 75 मीटर के दायरे तक कोई भी वाहन खड़ा नहीं कर सकते। कार्यक्रम स्थलों की 2 किलोमीटर परिधि के क्षेत्र में लाठी-डंडे, तलवार, गंडासी, अग्नेय व किसी प्रकार के घातक हथियार लेकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। इसी तरह खुला पेट्रोल, डीजल की बोतल, केन का प्रयोग नहीं किया जा सकता।





अंबाला। नपा अध्यक्ष रजत मलिक रिमोट का बटन दबाकर रावण के पुतले को आग के हवाले करते हुए व जलते पुतलों का दृश्य। फोटो : हरिभूमि



अंबाला। सेक्टर 8 में पुतला दहन का दृश्य व जमा लोगों की भीड़। फोटो : हरिभूमि

आतिशबाजी से सजा विशाल पुतला धूं-धूं कर जला और पूरा मैदान जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा

इको-फ्रेंडली आतिशबाजी का किया उपयोग

# धूमधाम से मना दशहरा, रिमोट से दहन हुआ 80 फुट ऊंचा रावण का पुतला

## बरसात के बीच रावण-मेघनाथ के पुतलों का हुआ दहन

**अंबाला।** अंबाला शहर में दशहरा पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। बता दें कि अंबाला शहर के सेक्टर-8 स्थित हुडा ग्राउंड, शहर के रामबाग स्थित प्राचीन शिव मंदिर ग्राउंड, प्रेम नगर रामलीला पार्क, बलदेव नगर के बरनाला रोड ग्राउंड में बड़े ही विशाल स्तर पर रावण, मेघनाथ व कुंभकर्ण के पुतले लगाए गए थे। यहां दिन भर महिला श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजन आदि के कार्यक्रमों में भाग लिया, इसी उपलक्ष में विभिन्न रामलीला संगठनों की ओर से शोभायात्राएं भी निकाली गई। जिसमें भगवान श्रीराम-सीता, लक्ष्मण, हनुमान, सुग्रीव सेना, भगवान शिव-पार्वती, परशुराम, वाल्मीकी, लंकापति रावण, मेघनाथ, कुंभकर्ण सहित अनेको झांकिया सजाई हुई थी, जोकि शहर के विभिन्न बाजारों से होते हुए रावण दहन ग्राउंड तक पहुंची, जहां भगवान श्रीराम-लक्ष्मण, हनुमान सहित सुग्रीव सेना ने रावण, मेघनाथ व कुंभकर्ण के साथ महायुद्ध किया, तत्पश्चात विधिवत भगवान श्रीराम-लक्ष्मण द्वारा रावण, मेघनाथ व कुंभकर्ण के विशाल पुतलों का दहन किया गया। विशाल पुतले आतिशबाजी के साथ धूं-धूकर जलते हुए दिखाई दिए। दशहरा पर्व के मौके पर अचानक बदले मौसम को देखते हुए सभी दशहरा संगठनों ने पुतले दहन करने का कार्यक्रम कुछ समय पहले ही कर दिया था।

### मेले बारिश की भेंट चढ़े

दशहरा पर्व के मौके पर शाम करीब 6 बजे हुई झमाझम बारिश ने जनजीवन अस्त-वस्त कर दिया, जहां दशहरा ग्राउंड में हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी रही, वहीं अचानक हुई तेज बारिश ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा कर रख दी। भारी तेज बारिश शुरू होने पश्चात लोग बारिश से बचने के लिए इधर-उधर भागते हुए दिखाई दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏩ बराड़ा

■ रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतलों का दहन किया

वीरवार की शाम कस्बे और नजदीकी गांव अधोया में दशहरे का पर्व बड़ी धूमधाम और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। हजारों की भीड़ उमड़ी और आसमान तक गूंजे जय श्रीराम के नारों के बीच रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतलों का दहन किया गया। बराड़ा में इस बार रामलीला क्लब द्वारा 80 फुट उंचा रावण का विशाल पुतला तैयार किया गया था, जो आयोजन का मुख्य आकर्षण रहा। रेलवे लाइन के पास स्थित पुराने मैदान में अब रिहायशी मकान बनने के कारण जगह की कमी के बावजूद आयोजन समिति ने पूरे उत्साह के साथ भव्य कार्यक्रम आयोजित किया। मैदान में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। बच्चों और महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। विशेष आकर्षण के रूप में इस बार आधुनिक तकनीक का सहारा लिया गया। नगर पालिका बराड़ा के चेयरमैन रजत मलिक ने करीब शाम साढ़े छह बजे रिमोट का बटन दबाकर रावण के पुतले को अग्नि के हवाले किया। देखते ही देखते आतिशबाजी से सजा विशाल पुतला धू-धू कर जल उठा और पूरा मैदान जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। आयोजन समिति के प्रबंधक विक्रम राणा ने बताया कि महोत्सव में इको-फ्रेंडली आतिशबाजी का उपयोग किया गया, ताकि पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे और दर्शकों को रंगारंग नजारा भी मिले। इस अवसर पर समाजसेवी वैभव सिंगला, लक्की पाहवा, सतीश राणा, अमरपाल राणा, प्रमोद जैन, सोनी कोचर, बबू मंकड, साहिल चावला, सतनाम दास कुमार, गगन सिंह बग्गा, कृष्ण राणा, ब्लाक समिति उप प्रधान मलकीत सिंह, बाबर खान, बलजिंदर आदि मौजूद थे।

### 65 फुट रावण के पुतले का दहन

दूसरी ओर गांव अधोया में भी रामलीला क्लब ने इस बार 65 फुट उंचा रावण का पुतला तैयार किया था। खास बात यह रही कि यह पुतला स्थानीय कलाकार गुरबचन प्रजापत, उनके भाई गुरबख्श और पिता राजेश प्रजापत ने मिलकर अपने हाथों से तैयार किया। पुतले में आकर्षक आतिशबाजी भरी गई थी, जिसके चलते दहन के साथ ही पूरा आसमान रंग-बिरंगी रोशनियों से जगमगा उठा। गांव अधोया में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरपालिका के नामित एमसी बलजिंदर सिंह जग्गी रहे। उन्होंने पारंपरिक तरीके से कार्यक्रम का शुभारंभ किया और समिति के प्रयासों की सराहना की। रामलीला क्लब अधोया के प्रधान संदीप चौहान ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में लोग दशहरा देखने पहुंचे।आयोजन में क्लब के महासचिव अनिल अलहावादी, राजमोहन रावत, प्रेम राज बिल्ला, श्याम वर्मा, राजीव गर्ग, संजीव धीमान, यशपाल शर्मा, कृपाल राणा समेत कई गणमान्य लोगों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### सुरक्षा के विशेष प्रबंध

सुरक्षा और सुविधा के पुख्ता इंतजाम दोनों ही जगहों पर किए गए थे। समिति ने मैदान में बैरिकेडिंग, लाइट और पानी की व्यवस्था कराई थी। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले और खानपान के स्टॉल भी लगाए गए। बराड़ा और अधोया दोनों जगह हुए इन आयोजनों ने साबित कर दिया कि समय और परिस्थिति चाहे जैसे हों। लोगों ने रावण दहन के साथ बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश लिया और उल्लास के साथ दशहरे का पर्व मनाया।

## दशहरा पर्व पर छात्रों ने किया रामलीला का मंचन, पुतलों का किया दहन



**नारायणगढ।** माउंट कार्मल इंटरनेशनल विद्यालय ने गांधी जयंती और दशहरा को बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया। कार्यक्रम का आयोजन छात्रों के बीच सत्य, अहिंसा और धार्मिकता के मूल्यों को स्थापित करने के लिए किया गया था। उत्सव की शुरुआत गांधी जयंती पर एक भाषण के साथ हुई, जिसमें महात्मा गांधी के जीवन, सिद्धांतों और योगदानों पर प्रकाश डाला गया। छात्रों ने राष्ट्रपिता को समर्पित एक कविता पाठ प्रस्तुत की, जिसने शांति और सादगी के संदेश को फैलाया । इस अवसर को चिह्नित करने के लिए, किंडरगार्टन के छात्रों ने गांधी जयंती और दशहरा के विषयों के आधार पर एक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। छोटे-छोटे नन्हे-मुन्नों ने महात्मा गांधी, फ्रीडम फाइटर्स, भगवान राम, सीता, हनुमान और रावण का अवतार धारण किया हुआ था। जिसमें वह बहुत सुंदर और आकर्षक लग रहे थे। दशहरा समारोह के दौरान राम दरबार पूजा आयोजित की गई। छात्रों द्वारा रामलीला के कुछ दृश्यों को प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की प्रधानाचार्या सुखविंदर कौर ढिल्लों द्वारा बच्चों को रावण दहन के साथ अपने जीवन की बुराई को दूर करने के लिए शपथ दिलाई गई।

## बुराई चाहे कितनी भी बड़ी हो उसका अंत निश्चित होता है, विजय दशमी पर पुतलों का हुआ दहन, पूर्व विधायक ने दिया प्रेरक संदेश

**नारायणगढ़।** विजयदशमी पर्व पर वीरवार को यहां के पुराने बस स्टैंड मैदान में रावण व कुंभकर्ण के पुतलों का दहन पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी तथा उद्योगपति शिव शंकर गोयल द्वारा किया गया।

पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने विजयदशमी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विजयदशमी का पर्व हमें यह संदेश देता है कि चाहे बुराई कितनी भी बड़ी क्यों न हो, अंततः सत्य और धर्म की ही विजय होती है। उन्होंने कहा कि हमें अपने जीवन में श्रीराम के आदर्शों को अपनाकर समाज में प्रेम, सद्भाव और सेवा की भावना को बढ़ावा देना चाहिए। यह पर्व केवल पुतले जलाने का प्रतीक नहीं है, बल्कि अपने भीतर की नकारात्मकताओं-काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार को समाप्त करने का संकल्प भी है। उन्होंने कहा कि जब हम अपने अंदर की बुराइयों को हराएंगे तभी सच्चे अर्थों में यह पर्व सार्थक होगा।



विजयदशमी पर्व पर रावण व कुंभकर्ण के पुतलों का दहन करते पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी व कलाकारों के साथ पूर्व विधायक व अन्य।

### 51 हजार रुपये की राशि देने की घोषणा

उद्योगपति शिव शंकर गोयल ने भी विजयदशमी पर्व की बधाई देते हुए कहा कि विजयदशमी का पर्व भारतीय संस्कृति और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने का अवसर है। यह पर्व हमें जीवन में सत्य, कर्तव्यनिष्ठा और सदाचार को अपनाने के साथ-साथ समाज में भाईचारे और एकता का संदेश देता है। उन्होंने संस्था को 51 हजार रुपये की राशि देने की घोषणा की।

## रावण दहन आंतरिक व सामाजिक कुरीतियों के विनाश का प्रतीक युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने युवाओं को दिया धर्म और संस्कारों का प्रेरक संदेश

**अंबाला।** विजयदशमी के पर्व पर अंबाला छावनी के लालकुर्ती बाजार में मुख्य अतिथि के रूप में युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने शिरकत की इस अवसर पर लालकुर्ती के स्थानीय बच्चों सुधांशु, अखिल, माधव, करण, अर्जुन, मोनू, बब्बू, नमन, रजत, छोटू, पंकुर ने पुतला तैयार किया।बच्चों द्वारा तैयार किए गए रावण,कुंभकर्ण व मेघनाथ के पुतलों का दहन किया गया।बच्चों द्वारा तैयार किए गए पुतले ऐसे थे मानो किसी बड़े कलाकार ने इन पुतलों को तैयार किया हो। इस अवसर पर चित्रा ने लालकुर्ती युवा रामलीला कमेटी को इस भव्य कार्यक्रम के लिए बधाई भी दी।



अंबाला। रामलीला कलाकारों के साथ युवा नेत्री चित्रा सरवारा। फोटो : हरिभूमि

### पर्व सामाजिक विकारों के दहन का प्रतीक

चित्रा ने स्थानीय लोगों व मेले में शिरकत करने आए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पर्व केवल आतिशबाजी और पुतलों के दहन का दिन नहीं, बल्कि आत्ममंथन के साथ-साथ आंतरिक व सामाजिक विकारों के दहन का प्रतीक और अवसर है। अहंकार, भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी, नशा, सांप्रदायिकता, अपराध, शिक्षा का आभाव, महिलाओं पर अपराध, भेदभाव और झूठे वादे हैं।

## ग्रामीण क्षेत्र की 62 महिलाओं को सिलाई मशीनें बांटी गई



अंबाला। महिलाओं के साथ पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल व अन्य।

■ मेरा आसमान एनजीओ की ओर से आयोजित हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏩ अंबाला

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत वीरवार को मेरा आसमान एनजीओ ने एक सराहनीय पहल करते हुए शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की जरूरतमंद महिलाओं को 62 सिलाई मशीनें वितरित कीं। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। मशीनें पाकर महिलाओं के चेहरे पर प्रसन्नता और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने सभी महिलाओं को विजय दशमी की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक महत्व रखता है, क्योंकि यह केवल विजय दशमी का पर्व ही नहीं बल्कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जैसी महान विभूतियों की जयंती भी है।

### महत्वपूर्ण कदम

असीम गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी अपनाने के संदेश को ध्यान में रखते हुए, मेरा आसमान एनजीओ का यह प्रयास महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी तो समाज और राष्ट्र की प्रगति अपने आप तय होगी । गोयल ने कहा कि जिस प्रकार देश में /"वोकल फॉर लोकल/" अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है, उसी कड़ी में अंबाला में यह पहल की गई है। सिलाई मशीनों के माध्यम से महिलाएं न केवल अपने घर की जिम्मेदारी संभालेंगी बल्कि स्वरोजगार कर आर्थिक रूप से भी मजबूत होंगी।

### कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का दिन

इस अवसर पर असीम गोयल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 101वें वर्ष में प्रवेश को भी ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा, "आज संघ के सभी स्वयंसेवकों और कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का दिन है। राष्ट्रभक्ति और राष्ट्र निर्माण की यह यात्रा 100 वर्षों से निरंतर और अविरल रूप से चल रही है। मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूं कि इस पावन यात्रा का हिस्सा बना हूं।" कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के हालिया बयान पर भी असीम गोयल ने तीखा पलटवार किया। सुरजेवाला ने आरोप लगाया था कि भाजपा ने हरियाणा को /"गुंडों, अपराधियों और माफिया/" को सौंप दिया है। इस पर गोयल ने कहा कि, "हरियाणा की जनता सुरजेवाला को भूल चुकी है। वे केवल अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने के लिए इस तरह के बयान देते रहते हैं। जब वे विधायक थे तब भी जनता उन्हें गंभीरता से नहीं लेती थी, और आज तो उनकी खुद की कांग्रेस पार्टी भी उन्हें महत्व नहीं देती। ऐसे में उनके आरोपों की कोई प्रासंगिकता नहीं है।

एमडीएसडी कॉलेज में हुआ आयोजन, छात्रों के साथ शिक्षकों ने भी ली दिलचस्पी

## बुक प्रदर्शनी के जरिए छात्रों में पढ़ने की आदत विकसित करने का किया प्रयास

गांधीजी के विचारों और साहित्यिक धरोहर से जोड़ने का अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏩ अंबाला

अंबाला शहर के एमडीएसडी कॉलेज में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित बुक प्रदर्शनी का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का विशेष विषय महात्मा गांधी एंड पॉवर व ऑफ बुक्स रखा गया। इसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों को गांधीजी के विचारों और साहित्यिक धरोहर से जोड़ने का अवसर मिला।

कॉलेज के छात्र-छात्राओं और फेकल्टी सदस्यों ने बड़े उत्साह के साथ इसमें भाग लिया। प्रदर्शनी में महात्मा गांधी और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित पुस्तकों के साथ-साथ दुर्लभ एवं मूल्यवान संग्रह, अकादमिक और संदर्भ सामग्री, प्रेरणादायक जीवनियां, कथा साहित्य, जर्नल्स, मैगज़ीन और डिजिटल संसाधन प्रदर्शित किए गए।



अंबाला। बुक प्रदर्शनी के दौरान शिक्षक व छात्र। फोटो : हरिभूमि

### विशेष सराहना

गांधीवादी दर्शन पर विशेष सेक्शन को विद्यार्थियों और शिक्षकों ने विशेष सराहना दी। साथ ही इंटरेक्टिव सत्रों में विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी प्रतिक्रियाएं फीडबैक कॉर्नर में सांझा की। सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को भागीदारी प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए जिससे उनका उत्साह और बढ़ा। लाइब्रेरियन डॉ. कौशल चौहान ने कहा कि यह प्रदर्शनी छात्रों में पढ़ने की आदत विकसित करने और गांधी जी के जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेने का एक सार्थक प्रयास रही।

आरएसएस की ओर से शताब्दी वर्ष पर कार्यक्रम

## स्वयंसेवकों को समाज और राष्ट्र हित के लिए कार्य करने के लिए तत्पर रहने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏩ अंबाला

■ अंबाला कैंट और सिटी में पांच स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने वीरवार को विजय दशमी एवं संघ स्थापना के शताब्दी वर्ष पर अंबाला कैंट और सिटी में पांच स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए।

इस दौरान उप नगर स्तर पर इस बार यह कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्वयंसेवकों ने पहले बोद्धिक में संघ के पदाधिकारियों से जानकारियां ली। इसके बाद पथ संचलन किया। इस दौरान शस्त्र पूजन भी किया गया। इन कार्यक्रमों में अंबाला कैंट में एसडी कॉलेज और बीडी हाईस्कूल तो सिटी में पुलिस लाइन मैदान, जियो गीता पार्क व एसए जैन कॉलेज में आयोजित हुआ। गुरु नानक उप नगर का कार्यक्रम सनातन धर्म कॉलेज अंबाला छावनी में सुबह 8 बजे आरंभ हुआ। पहले जिला संघचालक प्रदीप, प्रांत बौद्धिक प्रमुख भूपेश और मुख्य अतिथि जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ राहुल दत्त ने शस्त्र पूजन किया। कार्यक्रम का संचालन नगर कार्यवाह जीवन और उप नगर कार्यवाह राहुल ने किया और इसके बाद स्वयंसेवकों ने अनेक विधाओं का प्रदर्शन किया।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भारांपुर में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मनाई गई महात्मा गांधी की जयंती

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जीवन सत्य अहिंसा और स्वच्छता का प्रतीक

छात्रों ने परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों की सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏩ शहजादपुर

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भारांपुर में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर प्रधानाचार्य सुलतान सिंह के दिशा निर्देशन में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के समस्त प्रशिक्षु एवं स्टाफ सदस्य उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

कार्यवाहक प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का प्रतीक रहा है। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज और राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए। स्वच्छता केवल हमारे आस-पास के वातावरण को ही नहीं, बल्कि हमारे जीवन को भी शुद्ध और अनुशासित बनाती है। इस अभियान में छात्रों ने परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों की सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता की आदत विकसित करना और समाज में जागरूकता फैलाना रहा। इस अवसर पर संस्थान के प्लेसमेंट अधिकारी राकेश कुमार ने सभी विद्यार्थियों एवं स्टाफ की सक्रिय भागीदारी की सराहना की और भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



अंबाला। महात्मा गांधी की जयंती पर पौधरोपण करते छात्र व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

*मौके पर पवन कुमार, आरती, अंजू बाला, दीपक शर्मा, सतीश कुमार, कर्मजीत सैनी, रोहित कुमार, अजीत, संदीप, अभिलाष, कुर्बान सिंह, रमेश कुमार, दीपक ढाका, गौरव सैनी एवं अन्य स्टाफ सदस्य तथा संस्थान के सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहे।*

## डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट की तैयारियां शुरू

**अंबाला।** अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में 4 से 5 अक्तूबर को होने जा रहे डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट - 2025 (ज़ोनल लेवल) के लिए जोर शोर से तैयारियां चल रही है। स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. विकास कोहली ने बताया कि डीएवी संस्थाओं के प्रधान डॉ. पूनम सूरी के मार्गदर्शन में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये यह प्रतियोगिता देशभर में कराई जाती है। उन्होंने डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स टूर्नामेंट (ज़ोनल लेवल) के बारे में कहा कि यह प्रतियोगिता 4 से 5 अक्तूबर तक चलेगी। इसमें प्रदेश से करीब 40 डीएवी स्कूलों के 700 खिलाड़ी भाग लेंगे। इस टूर्नामेंट में लॉन टेनिस, बॉक्सिंग और स्किप्पिंग रोप जोनल लेवल पर गेम्स होंगी। इसमें लड़के व लड़कियों के अंडर-14 , 17 , 19, के मुकाबले होंगे। इस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का वजन 3 अक्तूबर को किया जाएगा।